# स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय

जलेसर रोड, दौलतपुर, फिरोजाबाद

https://www.asmcfirozabad.edu.in E-mail-gmcfirozabad@gmail.com

पत्रांक –एफ.जैड.डी./2025–26/1461 दिनांकः– 23/09/2025

## विज्ञप्ति

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद के विज्ञापन संख्याः–एफ.जैड.डी./2024/2571 दिनांक 25.02.2025 के क्रम में निम्नलिखित विभागो मे सीनियर रेजीडेन्ट के अस्थाई पदो के चयन हेतु वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-In-Interview) के आधार पर भरे जाने हेतु स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद की बैवसाइट (www.asmcfirozabad.edu.in)पर निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पदों की संख्या निम्नवत् है:–

### पदों का विवरण

| क्र0स0 | विभाग का नाम | ई0डब्ल्यू0एस0 | अनु0जाति | अनु0जनजाति | अ0पि0व0 | सामान्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एनाटॉमी*** | – | 01 | – | – | – | 01 |
| 2. | फोरेन्सिक मेडिसिन | – | 01** | – | – | – | 01 |
| 3. | बाल रोग | – | – | – | 01 | 01 | 02 |
| 4. | एनेस्थीसिया | – | – | – | 01** | – | 01 |
| 5. | इमरजेंसी मेडिसिन* | – | – | – | 01** | – | 01 |
| | कुल योग | – | 02 | – | 03 | 01 | 06 |

*चिकित्सा संस्थान (संकाय की योग्यता) विनियम, 2025 दिनांक 30 जून, 2025 के अनुपालन में आपातकालीन विभाग मे एम.डी./डी.एन.बी. (आपातकालीन चिकित्सा, सामान्य चिकित्सा, एनेस्थिसिया, श्वसन चिकित्सा, सामान्य सर्जरी, हड्डी रोग) के अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है।

**शासनादेश संख्या–I/180855/2022 दिनांक 29.04.2022 के अनुपालन में यदि आरक्षित श्रेणी का अभ्यर्थी 03 बार विज्ञापन प्रकाशित होने के बावजूद उपलब्ध नहीं हो पाता है, तो चौथी बार विज्ञापन प्रकाशित कर आरक्षित श्रेणी के पद पर, उक्त श्रेणी से भिन्न अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है।

***चिकित्सा संस्थान (संकाय की योग्यता) विनियम, 2025 दिनांक 30 जून, 2025 के अनुपालन में एम0एस0सी0 पी0एच0डी0 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है।

उपरोक्त पदों हेतु एन0एम0सी0(एम0सी0आई0) मानकों के अनुरूप शैक्षिक अर्हता एम0डी0/एम0एस0/एम0एस0सी0 (पी.एच.डी.) अनिवार्य है। उक्त पदों का न्यूनतम कार्यकाल 01 वर्ष का होगा। अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार लागू होगा। सम्बन्धित विभागाध्यक्ष द्वारा सन्तोषजनक कार्य की रिपोर्ट प्राप्त होने पर आपकी सेवा मे विस्तार किया जायेगा। यदि शासन द्वारा शासकीय सेवा बॉण्ड के अन्तर्गत किसी अभ्यर्थी की नियुक्ति हो जाती है तो आपकी समस्त सेवाये तत्काल प्रभाव से समाप्त हो जायेगी। जो अभ्यर्थी सत्र 2025–26 हेतु किसी अन्य मेडिकल कालेज में एन0एम0सी0 के निरीक्षण के समक्ष उपस्थित हुआ है, उस पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः विज्ञप्ति में प्रकाशित पदों को घटाया एवं बढाया जा सकता है।

इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु प्राधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद के कार्यालय में दिनांक 03.10.2025 (शुक्रवार) को अथवा इसके पश्चात रिक्त पद होने के उपरान्त प्रत्येक मंगलवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक उपस्थित हो सकते है। जिससे आपके मूल अभिलेखों का सत्यापन किया जा सके।

<u>अहर्ताएं – आवेदन की अन्तिम तिथि तक एम0सी0आई0 के मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य है।</u>

1. वेतमानः–15600–39100 ग्रेड पे–6600
2. उपर्युक्त पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु इस कैलेन्डर वर्ष की 01 जुलाई से अधिकतम उम्र 45 वर्ष (एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री, पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फार्माकोलॉजी, फोरेन्सिक मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में अधिकतम 50 वर्ष) से अधिक नहीं होनी चाहिये।

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
फिरोजाबाद।

<u>प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–</u>

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद।
4. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की बेवसाइट पर तत्काल प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
5. नोटिस बोर्ड।

23.9.25

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
फिरोजाबाद।

प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
फिरोजाबाद

यशवीर सिंह (क्लर्क)